केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन
मुख्यालय कार्यालय, इलाहाबाद
जनसम्पर्क विभाग

संख्या : कोर/जी/पीआर/010/भाग-XXII दिनांक 10.02.2020

प्रेस विज्ञप्ति

**केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न।**

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, इलाहाबाद में दिनांक 10.02.2020 को महाप्रबंधक श्री यशपाल सिंह, की अध्यक्षता में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्यवन समिति की बैठक आयोजित की गई।

महाप्रबंधक महोदय ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि भारत में जब मुगल साम्राज्य् की स्थापना हुई तब अरबी और फारसी भाषा का प्रचलन हुआ। उसके बाद अंग्रेजो के शासन काल में अंग्रेजी प्रचलित हुई। आजादी की लड़ाई में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने हिंदी को संपर्क भाषा के रूप में चुना और अपनी सभी सभाओं में हिंदी के माध्यम से लोगों को जोड़ा। देश आजाद होने के बाद 1949 में हिंदी को राजभाषा के रूप में प्रतिष्ठित किया और ऐसा प्रावधान किया कि धीरे-धीरे हिंदी का प्रयोग बढ़ाते हुए अंग्रेजी का प्रयोग समाप्त हो जाए।

इससे पहले मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक-श्री कमलेश शुक्ल, ने अध्यक्ष (महाप्रबंधक) सहित सभी उपस्थित अधिकारियों का स्वागत करते हुए संगठन में हिंदी के प्रचार-प्रसार संबंधी विभिन्न गतिविधियों का उल्लेख किया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक ने राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित हिंदी पत्रक " विद्युत प्रभा" का विमोचन किया। उन्हों ने सामूहिक पुरस्कार योजना के अंतर्गत क्रमशः इंजीनियरी, लेखा तथा सामान्य् विभाग को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार की शील्ड प्रदान की तथा गृह मंत्रालय की प्रोत्साहन योजना के पुरस्कार विजेता अधिकारियों/कर्मचारियों को नकद पुरस्क्र एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया।

संगठन के उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री आकाश दीप द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त हुई। बैठक में मुख्यालय के विभागाध्यक्ष सर्वश्री आलोक गुप्ता-मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, आशुतोष-प्रमुख मुख्य इंजीनियर, डी॰के॰गुप्ता- प्रमुख वित्त सलाहकार (भण्डार), राजीव त्रेहान-मुख्य सामग्री प्रबंधक, के॰सी॰शर्मा-प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी, अखिलेश चन्द्रा-प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त/रेसुब, एस॰के॰मिश्रा-सचिव/महाप्रबन्धक तथा परियोजनाओं के उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/प्रतिनिधि एवं कोर मुख्यालय के सभी विभागों के संपर्क अधिकारी (राजभाषा) भी उपस्थित थे। बैठक का संचालन वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी एवं सदस्य-सचिव श्रीमती सुनीला यादव ने किया।

(अनूप मिश्र)
कृते महाप्रबन्धक (पीआर)
कोर/इलाहाबाद